वन उत्पादकता संस्थान में हिन्दी पखवाडा का आयोजन - 2013

संघ सरकार की राजभाषा निति के संबंध में संवैधानिक उद्देश्यों की पूर्ति को प्रमुखता देते हुए राजभाषा हिन्दी के समग्र प्रचार - प्रसार हेतु प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्थान में दिनांक 01 सितम्बर से 14 सितम्बर, 2013 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया ।

बैठक की अध्यक्षता श्री रामेश्वर दास, निदेशक, वन उत्पादकता संस्थान, राँची द्वारा की गई । बैठक में संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा शोधार्थीगण उपस्थित थे । श्री पंकज सिंह, अनुसंधान अधिकारी एवं हिन्दी अधिकारी, व.उ.सं., राँची ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि हिन्दी हमारी राजभाषा है जो सहज, सरल एवं सुग्राही है अत: हमें अपने कार्यों में हिन्दी का बहुल प्रयोग करना चाहिए । श्रीमती रूबी सुसाना कुजूर, वैज्ञानिक - 'सी' एवं प्रभारी, हिन्दी अनुभाग, व.उ.सं., राँची ने उपस्थित सभासदों को हिंदी से संबंधित अपने विचार तथा सुझाव प्रस्तुत करने का आग्रह किया । डॉ. ए. के. पाण्डेय, वैज्ञानिक - 'एफ', डॉ. संजय सिंह, वैज्ञानिक - 'ई', डॉ. शरद तिवारी, वैज्ञानिक - 'ई' व.उ.सं., राँची ने अपने - अपने सुझाव प्रस्तुत किए ।

संस्थान में हिन्दी की वर्तमान स्थिति एवं हिन्दी में हो रही गतिविधियों एवं कार्यकलाप का वार्षिक ब्योरा श्री आशुतोष कुमार पाण्डेय, सहायक, व.उ.सं., राँची द्वारा प्रस्तुत किया गया । बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हिन्दी पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगितायों का आयोजन किया जाएगा । इसी क्रम में दिनांक 11 सितम्बर, 2013 को हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया । उन्होंने परिषद से प्रकाशित होने वाली पत्रिका "तरूचिंतन" में प्रकाशन हेतु काव्य, लेख, एवं अन्य सामग्री की रचना करने के लिए उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आग्रह किया ताकि हिन्दी में उनकी निरंतरता बनी रही ।

निर्णयानुसार दिनांक 11.09.2013 को संस्थान के सभा कक्ष में हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया । इसमें सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं एवं शोधार्थियों ने बढ़ - चढ़ कर भाग लिया। दिनांक 13.09.2013 को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया । श्रेष्ठ तीन निबंधों का चयन करके क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार एवं प्रशस्ति - पत्र प्रदान किया गया । महानिदेशक, भारतीय वानिकी एवं शिक्षा परिषद द्वारा हिन्दी भाषा में कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करने हेतु उनके द्वारा हिन्दी में किये गए वर्षवार कार्यों के आधार पर हिन्दी पखवाड़ा के दौरान उनके उत्कृष्ट कार्य

हेतु पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र दिए जाने के निर्णयानुसार संस्थान के डॉ. अरविंद कुमार, वैज्ञानिक - सी एवं श्री आशुतोष कुमार पाण्डेय, सहायक का चयन कर पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया ।

उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए श्री रामेश्वर दास, निदेशक, व.उ.सं. राँची ने अपने संबोधन में हिन्दी में हो रही गतिविधियों एवं कार्यकलापों की सराहना की और कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिन्दी के प्रचार - प्रसार में उनकी सक्रिय भागीदारी एवं योगदान के लिए बधाई दी । इन्होंने राजभाषा हिन्दी को प्रतियोगिताओं तक सीमित रखने के बजाय संस्थान के शैक्षणिक गतिविधियों में शामिल करते हुए इसके विस्तार पर जोर दिया । इन्होंने संतोष प्रकट करते हुए कहा कि विगत वर्षों में कार्यालय स्तर पर हिन्दी के प्रयोग में निरंतर वृद्धि हुई है । साथ ही हिन्दी में अपनी कार्यक्षमता को और अधिक बढ़ाने के लिए सभी को आह्वान किया ।अंत में श्रीमती रूबी सुसाना कुजूर, वैज्ञानिक - 'सी' एवं प्रभारी, हिन्दी अनुभाग, व.उ.सं., राँची ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए हिन्दी के प्रति लगनशीलता बनाये रखने पर जोर दिया ।

निबंध लेखन प्रतियोगिता

निदेशक एवम राजभाषा कार्यांवयन समिति के अध्यक्ष का स्वागत

पुरस्कार एवम प्रशस्ति - पत्र वितरण

पुरस्कार एवम प्रशस्ति - पत्र वितरण